**भारत सरकार**
**रेल मंत्रालय**

**राज्य सभा**
**10.02.2023 के**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1096 का उत्तर**

**रेलवे में ट्रेड यूनियन को मान्यता देने के लिए जनमत संग्रह**

**1096. श्री ए. ए. रहीम:**

**क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) रेलवे में ट्रैड यूनियन को मान्यता प्रदान करने के लिए अंतिम बार जनमत संग्रह कब किया गया था;

(ख) इस प्रकार का जनमत संग्रह कराने की निहित सामान्य समयावधि क्या है;

(ग) जनमत संग्रह कराने में अनुचित विलंब के क्या कारण हैं;

(घ) क्या रेलवे की जनमत संग्रह कराने की योजना है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री**
**(श्री अश्विनी वैष्णव)**

(क): जोनल रेलों में ट्रेड यूनियनों की मान्यता के लिए गुप्त मतदान आखिरी बार अप्रैल, 2013 में हुआ था।

(ख): गुप्त मतदान चुनाव, 2013 के आयोजन के लिए अंतिम तौर-तरीकों के अनुसार, ज़ोनल रेलवे में ट्रेड यूनियनों की मान्यता सामान्यत: ज़ोनल रेलवे के महाप्रबंधक द्वारा मान्यता प्रदान करने की तारीख से छह साल के लिए वैध होगी। बहरहाल, इन तौर-तरीकों के

https://www.staffnews.in

अनुसार, मौजूदा मान्यता प्राप्त ट्रेड यूनियनों की मान्यता, नई चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक बनी रहेंगी।

(ग) से (ङ): जोनल रेलों में ट्रेड यूनियनों की मान्यता के लिए अगला गुप्त मतदान कराने की प्रक्रिया 2019 में शुरू की गई थी। अंतिम तौर-तरीकों को 16.08.2019 को अधिसूचित किया गया था और मतदाता सूची को अंतिम रूप देने के निर्देश 20.02.2020 और 23.10.2020 को जारी किए गए थे। बहरहाल, कोविड-19 महामारी के कारण, चुनाव प्रक्रिया पर आगे की कार्रवाई नहीं की जा सकी। इस बीच, औद्योगिक संबंध संहिता, 2020 को संसद द्वारा अधिनियमित किया गया है और इसे 29 सितंबर, 2020 को नोडल मंत्रालय, अर्थात श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा भारत के राजपत्र में अधिसूचित किया गया है। इसके अलावा, श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा ट्रेड यूनियनों की मान्यता से संबंधित नियमों को अंतिम रूप देने और अधिसूचना के बाद गुप्त मतदान चुनाव आयोजित किए जाएंगे।

********

https://www.staffnews.in

GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF RAILWAYS

**RAJYA SABHA**
**UNSTARRED QUESTION NO. 1096**
**ANSWERED ON 10.02.2023**

## REFERENDUM FOR TRADE UNION RECOGNITION IN RAILWAYS

1096 SHRI A. A. RAHIM:

Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state:

(a) the time when the last referendum for trade union recognition was done in the Railways;
(b) the normal prescribed time period in which such a referendum should take place;
(c) reasons for the undue delay in conducting the referendum;
(d) whether the Railways plan to conduct the referendum; and
(e) if so, the details thereof, if not, the reasons for the same?

**ANSWER**

MINISTER OF RAILWAYS, COMMUNICATIONS AND
ELECTRONICS & INFORMATION TECHNOLOGY

(SHRI ASHWINI VAISHNAW)

(a): Secret Ballot Election for recognition of Trade Unions on Zonal Railways was last held in April, 2013.

(b): As per the Final Modalities for Holding of Secret Ballot Elections, 2013, recognition of Trade Unions on a Zonal Railway shall normally be valid for six years from the date of grant of recognition by the General Manager of the Zonal Railway. However, as per these Modalities, the existing recognised Trade Unions continue to remain recognized till a fresh election process is completed.

….2/-

https://www.staffnews.in

(c) to (e): The process of holding next Secret Ballot Elections for recognition of Trade Unions on Zonal Railways was initiated in 2019. The Final Modalities were notified on 16.08.2019 and instructions for finalization of Voters' List were issued on 20.02.2020 and 23.10.2020. However, due to Covid -19 Pandemic, further action on the election process could not be taken. In the meantime, the Industrial Relations Code, 2020 has been enacted by Parliament and the same has been notified in Gazette of India on $29^{th}$ September, 2020 by the nodal Ministry, i.e. the Ministry of Labour and Employment. Further, Secret Ballot Elections will be conducted after the finalisation and notification of rules on recognition of Trade Unions by the Ministry of Labour and Employment.

*****

https://www.staffnews.in